

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# गलत जानकारी देकर पास कराया नक्शा तो कार्रवाई अनिवार्य

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गलत जानकारी व फर्जी दस्तावेजों के जरिए भवन मानचित्र स्वीकृत कराने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी ने गलत जानकारी देकर नक्शा पास कराया है, तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई अनिवार्य है और ऐसी स्वीकृति को निरस्त किया जा सकता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने प्रतापगढ़ निवासी वंदना सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि विपक्षी सबीरा खातून ने भूमि की वास्तविक सीमाओं को छिपाकर और गलत विवरण देकर भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त की थी। मामले की जांच में सामने



- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच का सख्त रुख

आया कि स्वीकृत नक्शों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। यहां तक कि नक्शे में दिखाए गए रास्ते और मार्ग स्थल पर मौजूद ही नहीं पाए गए। कोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी मानते हुए गंभीर टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि भवन निर्माण कार्यों का विनियमन अधिनियम 1958 की धारा 7-ए (धोखाधड़ी से प्राप्त अनुमति रद्द करना) और धारा 10 (अवैध निर्माण हटाना) दोनों अलग-अलग स्थितियों में लागू होती हैं और दोनों के तहत समानांतर कार्रवाई संभव है। न्यायालय ने आगे कहा कि सिर्फ यह कहकर कि धारा 10 के तहत कार्यवाही चल रही है, धारा 7-ए की कार्यवाही को समाप्त नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने यह भी कहा कि धोखाधड़ी से प्राप्त किसी भी अनुमति को कानून में संरक्षण नहीं मिल सकता और ऐसे मामलों में अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे सख्त कार्रवाई करें।

## ढाबे पर चाय नाश्ता कर रहे परिवार को पीटा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक ढाबे पर चाय-नाश्ता के बिल को लेकर हुए विवाद में ढाबा मालिक ने कर्मचारियों संग मिलकर परिवार को पीटा। विरोध पर मोबाइल तोड़ते हुए धमकाया। पुलिस ने चिनहट के एल्डिको तिराहा स्थित गोल्डन गैलेरिया अपार्टमेंट निवासी दीपेश अग्रवाल की तहरीर पर प्रधान ढाबा के मालिक जंग बहादुर सिंह व उनके अज्ञात नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली है। दीपेश अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 11:15 बजे वह अपने पिता संजय अग्रवाल, भाई कृतेश अग्रवाल व भाभी एकता अग्रवाल के साथ बंथरा के बनी स्थित प्रधान ढाबा पर चाय-नाश्ता करने पहुंचे थे। इसी दौरान सामान के लेन-देन को लेकर ढाबा मालिक जंग बहादुर सिंह से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ढाबा मालिक और उसके कर्मचारियों ने मिलकर दीपेश अग्रवाल व उनके परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान कृतेश अग्रवाल का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### गार्ड का सिर फोड़ा, स्टॉफ को डंडों से पीटा

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित मिश्री मलाई स्वीट एंड रेस्टोरेंट में पांच युवकों ने गुंडई की। आरोपियों ने पहले सुरक्षा गार्ड अश्विनी यादव से स्टोर की चाबी मांगी। मना करने पर उन्होंने गार्ड और हाउसकीपिंग स्टॉफ को दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने अपनी कार से लाठियां निकालकर सभी पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में गार्ड अश्विनी यादव का सिर फट गया, जबकि शुभम सविता, अमन, अरुण समेत अन्य स्टाफ गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए फरार हो गए। स्टोर मालिक शिवम पांडे ने बताया कि आरोपियों में अंकित यादव और वंश शुक्ला सीसीटीवी में कैद हुए हैं। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### अभय की मौत में पुलिस को मिले आत्महत्या के प्रमाण

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र स्थित अनूपगंज रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक पर मिले अभय राज अवस्थी (18) के शव के मामले में पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। मंगलवार रात शिवलर गांव निवासी रामगोपाल अवस्थी के 18 वर्षीय बेटे अभय कुमार का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। शिनाख्त के बाद परिजनों ने गोसाईंगंज थाने में तहरीर देकर तीन नामजद समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। साथ ही मामला जीआरपी क्षेत्र का होने के कारण जांच ट्रांसफर की जा सकती है। वहीं, एसीपी ऋषभ यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### जल्द मिलेगा आवासों का लक्ष्य, बनेगी पक्की छत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत आवास-प्लस 2024 घरेलू सर्वेक्षण में शामिल लाभार्थियों को नये वित्तीय वर्ष में आवास मिलेंगे। लक्ष्य इस माह आ सकता है। सत्यापन से लेकर अन्य प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। जिले में पिछले वर्ष ऑनलाइन सर्वेक्षण में 33 हजार परिवारों के नाम आवास के लिए दर्ज किए गए थे। इनमें करीब 10 हजार लोगों ने स्वयं सर्वे करके ऑनलाइन आवेदन किया था। शेष घर-घर नामित अधिकारियों और कर्मचारियों ने ऑनलाइन नाम दर्ज किए थे। इन सभी परिवारों का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया गया था। एआई से भी नाम चिह्नित करके सत्यापित किए गए थे। अब इन लाभार्थियों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विभागीय चर्चा है कि इस माह केंद्र से आवासों का लक्ष्य मिल जाएगा और चयनित लाभार्थियों को आवास आवंटित किए जाएंगे।

### तीन साल के मासूम को डाक्टरों ने दिया जीवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मीरजापुर का 13 वर्षीय वैभव जायसवाल करीब तीन महीने तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करता रहा। छाती के गंभीर संक्रमण के कारण बच्चे की हर सांस चुनौती बन गई थी, लेकिन डॉक्टरों की मेहनत ने आखिरकार उसे नई जिंदगी दी। लोहिया संस्थान में आईसीयू-वेंटिलेटर पर भर्ती के दौरान वैभव की जिंदगी कई बार बेहद मुश्किल दौर से गुजरी। हर बार डाक्टरों ने उसे संकटों से उबारा। वैभव को करीब चार माह पूर्व गंभीर अवस्था में लोहिया संस्थान लाया गया था। तब उसकी हालत बेहद नाजुक थी। वह पहले से ही अस्थमा की गंभीर बीमारी से जूझ रहा है, लेकिन इस बार छाती के गंभीर संक्रमण ने उसकी स्थिति और बिगाड़ दी थी। सांस लेना तक मुश्किल हो गया था। डॉक्टरों ने तत्काल उसे इमरजेंसी आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा। एनेस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. पीके दास ने बताया कि वैभव की हालत में सुधार बेहद धीमी गति से हुआ।

# स्वास्थ्य महानिदेशक ने आरएसएम सीएचसी बीकेटी का किया निरीक्षण

## मरीजों से लिया फीडबैक, धुंधले साइन बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था पर जताई नाराजगी

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब स्थित राम सागर मिश्र सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में शुक्रवार शाम करीब 7:45 बजे स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. अभिषेक से मरीजों के उपचार और देखभाल की जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और इलाज की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया। उसके बाद वे महिला जनरल वार्ड, पीडियाट्रिक, मेडिसिन, पैथोलॉजी समेत दूसरे विभागों का जायजा लिया। अस्पताल के इंतजामों पर महानिदेशक संतुष्ट नजर आए। महानिदेशक ने साफ सफाई व इलाज के इंतजामों की तारीफ की

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) वीके शर्मा भी मौके पर पहुंचे। महानिदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की नीति के तहत सभी मरीजों को निशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके बाद महानिदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बख्शी का तालाब का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने डॉ. सब्बन अली से इमरजेंसी सेवाओं, मरीजों के उपचार और दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ को समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए। महानिदेशक ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई और साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक मिली।



निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण। अमृत विचार

### धुंधला साइन बोर्ड बना परेशानी, लगेंगी नई लाइटें

निरीक्षण के दौरान महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण की गाड़ी सीतापुर रोड पर लगे अस्पताल के संकेतक बोर्ड का नाम धुंधला होने और लाइट न होने के कारण आगे निकल गई, जिससे उन्हें करीब छह किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि बोर्ड पर अस्पताल का नाम स्पष्ट रूप से लिखा जाए और उस पर लाइट की व्यवस्था की जाए। साथ ही सीएचसी के मुख्य गेट पर भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### समय से ड्यूटी पर पहुंचें डॉक्टर व कर्मचारी

निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों और कर्मचारियों को समय से अस्पताल पहुंचकर मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी सुविधाएं शासन की मंशा के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं।

# ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सिपाही पर हमले का प्रयास, फाड़ी वर्दी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्रीन कॉरिडोर की घटना, महानगर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** हनुमान सेतु मंदिर के सामने ग्रीन कॉरिडोर पर ड्यूटी पर तैनात यातायात आरक्षी से कार सवार युवक ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर गाड़ी से उतरकर मारने के लिए दौड़े। खींचातानी में वर्दी फट गयी। महानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 2 अप्रैल यातायात सिपाही गुलाब चंद की ड्यूटी रेसर 12 हेड कांस्टेबल अमरेश कुमार के साथ हनुमान सेतु से डालीगंज पुल पर ग्रीन कॉरिडोर पर लगायी गयी थी। रात करीब 10:30 बजे ट्रैफिक इंस्पेक्टर महानगर प्रमेश पाठक ने उसे बताया कि पुल के ऊपर गाड़ियां पार्क हो रही है, उन्हें वहां से झूलेलाल पार्क में लगवाया जाए। इसपर वह पुल पर पार्क गाडी को हटवा रहा था।

इसी दौरान खाटू श्याम मंदिर की ओर से एक कार (यूपी 32 पीपी 4870) सवार सुशांत वर्मा निवासी वसंत विहार कॉलोनी निवाजगंज ठाकुरगंज शराब के नशे में फर्राटा भरते हुए आया। कार से उतरकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर मारने के लिए दौड़ा। आरोपी ने वर्दी फाड़ दी। सूचना मिलते ही टीआई प्रमेश पाठक वहां पहुंचे तो आरोपी सुशांत फिर गाली-गलौज करने लगा। टीआई ने आरोपी को पकड़कर महानगर पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार शाम को पीड़ित सिपाही गुलाब चंद ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी। इंस्पेक्टर ने बताया कि विवेचना के दौरान आरोपी सुशांत को बयान के लिए बुलाया गया। वह अपने भाई ऋषभ वर्मा के साथ खाटू श्याम मंदिर के पास पहुंचा, जहां पूछताछ के दौरान वह आक्रोशित हो गया। आरोपी ने मौके पर चिल्लाते हुए सिपाही को देख लेने और अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिसके चलते वहां भीड़ जुटने लगी। इसपर उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सरोज ने उसे खाटू श्याम मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## डीसीपी साउथ ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**अमृत विचार, गोसाईगंजः** नवागत डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने सुशांत गोल्फ सिटी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीसीपी ने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक, शस्त्रागार, हवालात और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति चेक की। साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और रिकॉर्ड मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने तथा सभी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी की तलाश

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में गुरुवार रात चाकू के हमला से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सरोजनीनगर के अमौसी स्थित हड़ाइनखेड़ा निवासी विनोद ने बताया कि उनका बेटा पवन (20) गुरुवार रात करीब 10:30 बजे अमौसी बाजार स्थित एक पान की दुकान पर सामान लेने गया था। आरोप है कि यहीं के गंगानगर निवासी दुकान संचालक चन्द्रभान उर्फ कल्लू ने किसी बात को लेकर पवन से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने दुकान से चाकू निकाल कर पवन के ऊपर हमला कर दिया। सीने में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# फार्मा कंपनी के खाते में हेरफेर जाली प्रस्ताव से रोकी निकासी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शेखर अस्पताल के मालिक, उनके बेटे समेत छह पर आरोप
- एसीपी के आदेश पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट

**अमृत विचारः** फार्मा कंपनी के निदेशक ने हजरतगंज कोतवाली में शेखर हॉस्पिटल के मालिक डॉ. आमोद कुमार सचान, उनके बेटे समेत छह लोगों पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी हजरतगंज विकास कुमार जायसवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विशालखंड-3 निवासी वरुण श्रीवास्तव इंटरलिंक्ड दवामंडी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं और कंपनी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। कंपनी का खाता केनरा बैंक हजरतगंज में है। 11 मार्च 2026 को बैंक से मिले पत्र में बताया गया कि 9 मार्च को संजय सिंह ने एक प्रस्ताव देकर अधिकृत हस्ताक्षर बदलने तक ट्रांजेक्शन रोकने का अनुरोध किया। पत्र में सूर्यकांत श्रीवास्तव को अधिकृत हस्ताक्षरी बनाने की बात थी, जबकि मौजूदा निदेशकों के हस्ताक्षर नहीं थे।

पीड़ित का आरोप है कि चौथे निदेशक राजशेखर की गैरमौजूदगी में उनके पिता डॉ. आमोद कुमार सचान ने जाली हस्ताक्षरों से लेनदेन किया। साथ ही संजय सिंह, सूर्यकांत श्रीवास्तव, विमल प्रकाश खरे और अखिलेश कुमार के साथ मिलकर निदेशकों को हटाने के लिए फर्जी प्रस्ताव तैयार किया गया। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आर्मी मेडिकल कोर ने मनाई 262वीं वर्षगांठ

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

**अमृत विचार :** छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज ने शुक्रवार को आर्मी मेडिकल कोर की 262वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने ''श्रद्धांजलि'' (युद्ध स्मारक) आर्मी मेडिकल कोर पर पुष्पांजलि अर्पित की। आर्मी मेडिकल कोर के उन योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

समारोह में एएमसी सेंटर और कॉलेज के कर्मचारी और उनके परिवार के लोग शामिल हुए। बच्चों के लिए खेल और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मनोरंजन के कार्यक्रम हुए। एक विशेष सैनिक सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इसमें लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने अधिकारियों और सैनिकों की एक विशाल सभा को संबोधित किया। उन्होंने आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज के सभी रैंकों से आग्रह किया कि वे दी जा रही प्रशिक्षण के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करें, ताकि शांति और युद्ध, दोनों ही समय में सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।




छावनी स्थित एएमसी सेंटर में संबोधित करते लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह।

- आर्मी मेडिकल कोर ने मनाई 262वीं वर्षगांठ

# बिजली कंपनियों के खिलाफ अवमानना याचिका की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का मामला**

- उपभोक्ताओं की सहमति बिना प्रीपेड मीटर लगाए जाने पर उठे सवाल
- नियामक आयोग से पोस्टपेड विकल्प बहाल करने की मांग

**अमृत विचारः** स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेश में बिजली कंपनियों के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि पावर कॉरपोरेशन और बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही बड़े पैमाने पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लागू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि लाखों मीटर प्रीपेड मोड में किए जा चुके हैं और नए कनेक्शन भी प्रीपेड मीटर के साथ ही दिए जा रहे हैं।

यह मामला केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना से जुड़ा है, जिसके तहत पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है। हालांकि इन मीटरों को प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों मोड में चलाया जा सकता है, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें विकल्प नहीं दिया गया।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि इस मामले में बिजली कंपनियों के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की जाएगी। साथ ही नियामक आयोग से मांग की जाएगी कि उपभोक्ताओं को पोस्टपेड का विकल्प दिया जाए और भविष्य में उनकी सहमति अनिवार्य की जाए।

# 1076 हेल्पलाइन महिला कर्मियों के मुद्दे पर ऐक्टू का हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**07** अप्रैल को राज्यव्यापी विरोध का किया ऐलान

**अमृत विचारः** आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की महिला कर्मचारियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजधानी में हाल ही में जो घटनाएं हुईं, वे सरकार के कर्मचारी विरोधी रवैये और कंपनी राज की झलक हैं। इससे पहले हेल्पलाइन 112 में कार्यरत युवतियों के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया गया था।

विद्रोही ने आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग के जरिए रोजगार देने की प्रक्रिया शोषण का माध्यम बन चुकी है। कर्मचारियों से भारी वसूली, वेतन में देरी, कमीशनखोरी और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों ने युवाओं का जीवन कठिन बना दिया है। प्रदेश में लाखों कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें महीनों से वेतन नहीं मिला है। ऐक्टू ने इन नीतियों के खिलाफ 7 अप्रैल को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है और कर्मचारियों व युवाओं से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की है।

**फर्जीवाड़ा** 8 मार्च को दर्ज हुई थी रिपोर्ट, अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच

# जाली बैनामे से मकान हड़पने वाला किराएदार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शीशमहल स्थित मकान हड़पने के लिए किराएदार ने फर्जीवाड़ा किया था। आरोपी ने बेटों के नाम पर जाली बैनामा कर नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी किया था। ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपी किराएदार नुरुल हसन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य छह नामजद आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर 8 मार्च को 71 वर्षीय आलम तकी की तहरीर पर नुरुल हसन, भाई ऐनुल हसन, अंसारूल हसन, बहन इरम, एस. मोहम्मद आदिल, मोहम्मद सोहेल अजमत व दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि शीशमहल स्थित मकान पीड़िता का ससुराल है। ससुर मिर्जा मोहम्मद अली हुसैन खान का नाम नगर निगम में 1982 से पहले दर्ज है। वर्ष 1974 में ससुर के निधन के बाद पति तकी हसन खान का नाम सितंबर 1982 में दर्ज हो गया। 4 मई 2021 में पति के निधन के बाद आलम तकी अपने नाम से गृह कर जमा कर रही हैं। उक्त मकान के नीचे वाले हिस्से में नुरुल हसन बतौर किराएदार रह रहे हैं।

पीड़िता ने बताया कि सीढ़ी चढ़ने में परेशानी होने के चलते उन्होंने किराएदार से मकान खाली करने का अनुरोध किया। आरोपी ने पहले टालमटोल की और मकान खाली करने का आश्वासन दिया। छानबीन में पता चला कि नुरुल हसन ने बिजली विभाग में बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया तो विभाग ने निरस्त कर दिया। जिसके बाद नुरुल हसन ने अपने बेटों अंसारूल हसन और ऐनुल हसन के नाम पर मकान के नीचे वाले हिस्से का रजिस्टर्ड दान पत्र 22 दिसंबर 2025 को कर दिया। जिसमें एस. मोहम्मद आदिल और मोहम्मद सोहेल अजमत गवाह बने थे।

## साइबर ठगों ने छात्रा समेत तीन के खातों से उड़ाए 4.79 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जालसाजों ने छात्रा समेत तीन लोगों के खातों से करीब 4.79 लाख रुपये पार कर दिए। कहीं यूपीआई के जरिए रकम निकाली गई तो कहीं मोबाइल का दुरुपयोग कर ठगी की गई। महिगवां, इंदिरानगर और आशियाना थानों में मामले दर्ज कर पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। महिगवां के दौलतपुर निवासी अंबरलाल के अनुसार 1 मार्च को कुछ लोगों ने उनका मोबाइल ले लिया था। बाद में उन्होंने उसी नंबर का नया सिम जारी कराया। 10 मार्च को बैंक पहुंचने पर पता चला कि 2 से 9 मार्च के बीच खाते से यूपीआई के जरिए करीब 4 लाख रुपये निकाल लिए गए। वहीं इंदिरानगर के अबरारनगर निवासी वजीद उज जमां के खाते से ओटीपी के माध्यम से 50 हजार रुपये पार कर दिए गए। उधर, आशियाना स्थित राम मनोहर लोहिया लॉ विवि की छात्रा के खाते से 30 मार्च को चार बार में 28,910 रुपये निकाल लिए गए। तीनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

# बिना सुरक्षा उपकरण काम करते समय गिरा संविदा कर्मी, घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वृंदावन डिवीजन क्षेत्र में कार्य के दौरान हुआ हादसा

**अमृत विचारः** वृंदावन डिवीजन क्षेत्र में कार्य के दौरान एक संविदा कर्मी के गिरकर गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, रजनी खंड उपकेंद्र पर तैनात संविदा लाइनमैन विजय कुमार शुक्रवार को 33 केवी लाइन पर काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के समय कर्मी के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं थे। घटना के बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन संविदा निविदा कर्मचारी संघ के जिला संगठन मंत्री दिलीप शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बिना सुरक्षा उपकरण के कर्मचारियों से काम कराए जाने को लापरवाही बताया। साथ ही संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि घायल कर्मी का इलाज कर्मचारी बीमा योजना के तहत कराया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती का मंगलसूत्र लूटने में तीन गिरफ्तार

**संतकबीरनगर : अमृत विचार।** बेलहरकला पुलिस ने दुकानदार की बेटी के गले से सोने का मंगलसूत्र लूटने के तीन शातिर आरोपितों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के पड़िया गांव निवासी भजुराम ने 23 फरवरी को बेलहरकला थाने में तहरीर देकर बताया था कि 22 फरवरी की दोपहर बाइक सवार तीन युवक बेटी के गले से मंगलसूत्र झपट लिया और फरार हो गए थे। एसओ बेलहरकला अनिल कुमार ने बताया कि आरोपितों की पहचान कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के बरईटोला निवासी अरुण कुमार, पठान टोला निवासी मोहम्मद अफजल और मोतीनगर निवासी राज जायसवाल के रूप में हुई है।

### चोरी की दो बाइकों के साथ चार गिरफ्तार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान हरेन्द्र प्रसाद निवासी राजपुर बगहा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, फतेआलम अंसारी निवासी जमसडिया थाना तरयासुजान, जनपद कुशीनगर, असलम अंसारी निवासी राजपुर बगहा थाना सेवरही और हैदर अली निवासी राजपुर बगहा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है।

### बुजुर्ग ने चार वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म

**संतकबीरनगर : अमृत विचार।** दुधारा क्षेत्र के एक गांव में 75 वर्षीय अब्दुल मजीद हाजी ने चार साल की बच्ची को बहाने से बुलाकर दुष्कर्म किया। रोते-बिलखते घर पहुंची बच्ची ने हैवानियत बताई तो परिजन दंग रह गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस की। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 4 साल की बेटी गुरुवार की शाम करीब 3 बजे गांव में स्थित दुकान पर सामान खरीदने जा रही थी। तभी आरोपी ने उसे निजी अंगों से छेड़छाड़ की।

# मंत्री के नाम के साथ सम्मानसूचक उपाधि का उल्लेख न करना अनुचित : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**



- कोर्ट ने यूपी के अपर मुख्य सचिव(गृह) से मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में दर्ज एफआईआर में केंद्रीय मंत्री के नाम के साथ सम्मानसूचक उपाधि का उल्लेख न किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव (गृह) से स्पष्टीकरण मांगा है। इस चूक के संबंध में न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने हर्षित शर्मा और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि एक हलफनामा दाखिल कर कारण स्पष्ट किया जाए।

कोर्ट ने पाया कि एफआईआर में एक स्थान पर केंद्रीय मंत्री का उल्लेख केवल नाम से किया गया है और उनके नाम के आगे 'श्रीमान' या अन्य सम्मानसूचक शब्द भी नहीं लगाया गया। इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा कि भले ही प्रथम शिकायतकर्ता ने मंत्री का अनुचित वर्णन किया हो, लेकिन एफआईआर दर्ज करते समय प्रोटोकॉल का पालन करना पुलिस का दायित्व था।कोर्ट ने आपराधिक धमकी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश पारित किया। याचिका में केंद्रीय मंत्री का नाम भी एफआईआर में शामिल है। मामले की अगली सुनवाई छह अप्रैल को सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा कोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया कि आदेश की सूचना 48 घंटे के भीतर मथुरा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के माध्यम से अपर मुख्य सचिव (गृह) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा को उपलब्ध कराई जाए।

## ट्रिब्यूनल के आदेशों की न्यायिक समीक्षा करना संबंधित हाईकोर्ट के क्षेत्राधिकार में शामिल



**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल की प्रधान पीठ, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को क्षेत्राधिकार के अभाव में खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ट्रिब्यूनल की प्रधान पीठ के आदेशों की न्यायिक समीक्षा उसी हाईकोर्ट द्वारा की जा सकती है, जिसके अधिकार क्षेत्र में संबंधित ट्रिब्यूनल स्थित है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने सचिन कुमार और तीन अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचियों ने सेवा से शैक्षणिक आधार पर किए गए डिस्चार्ज को चुनौती देते हुए पुनर्नियुक्ति तथा सभी परिणामी लाभों की मांग की थी। सशस्त्र बल अधिकरण की प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने उनकी मूल याचिकाएं निराधार मानते हुए खारिज कर दी थीं, जिसके विरुद्ध हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका दाखिल की गई। केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभिक आपत्ति उठाते हुए कहा गया कि चूंकि विवादित आदेश नई दिल्ली स्थित प्रधान पीठ ने पारित किया है, इसलिए इलाहाबाद हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई का क्षेत्राधिकार प्राप्त नहीं है, वहीं याचियों ने तर्क दिया कि प्रक्रिया नियमों के अनुसार निवास स्थान के आधार पर भी याचिका दाखिल की जा सकती थी, इसलिए हाईकोर्ट को सुनवाई करनी चाहिए। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के निर्णय तथा यूनियन ऑफ इंडिया बनाम अलापन बंद्योपाध्याय मामले में निर्धारित विधिक सिद्धांतों का हवाला देते हुए कहा कि ट्रिब्यूनल के सभी आदेश उस उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष ही चुनौती योग्य होते हैं, जिसके अधिकार क्षेत्र में संबंधित ट्रिब्यूनल स्थित है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वाद का कारण या पक्षकारों के निवास के आधार पर क्षेत्राधिकार तय नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने याचिका को विचारणीय न मानते हुए खारिज कर दिया, हालांकि याचियों को विधि के अनुसार सक्षम न्यायालय के समक्ष जाने की स्वतंत्रता प्रदान की।

# किडनी ट्रांसप्लांट के बाद हो चुकी है एक की मौत

## पकड़े गए दोनों ओटी टेक्नीशियनों को पुलिस ने भेजा जेल, मेडीलाइफ अस्पताल में बदली गई थी किडनी

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** अवैध किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़े डाक्टरों ने दिसंबर में भी शहर में रेलवे क्रासिंग के पास स्थित अस्पताल में एक महिला का किडनी ट्रांसप्लांट किया था। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के अस्पताल में यह बता भर्ती कराया था कि उसका गाल ब्लैडर का आपरेशन हुआ है। जहां उसकी मौत हो गई थी। यह जानकारी गुरुवार को पकड़े गए गाजियाबाद व हापुड़ के दोनों आरोपियों ओटी मैनेजर राजेश कुमार व ओटी इंचार्ज कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी। पुलिस दोनों को उनके बताए रास्ते से दिल्ली ले गई थी। केशवपुरम स्थित मेडीलाइफ अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था, जिसे लगभग तीन माह पहले सीएमओ ने सील कराया था। दोनों ओटी टेक्नीशियन शुक्रवार को जेल भेजे गए हैं।

पुलिस पूछताछ में पता चला कि मेडीलाइफ अस्पताल के तीन साझेदार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। यह वह मेडीलाइफ अस्पताल नहीं था, जहां किडनी बेचने वाले आयुष को रखा गया था। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को राजेश व कुलदीप को जेल भेज दिया है। जबकि उसके साथ रहे तीसरे आरोपी डॉ. अली बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अली ओटी मैनेजर है। पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि एनेस्थीसिया डॉ. रोहित लखनऊ में नहीं बल्कि, गाजियाबाद के इंदिरापुरम न्यायखंड-एक में रहता है। पुलिस ने अनुमान जताया है कि रोहित किडनी ट्रांसप्लांट से अब तक करीब 100 करोड़ से अधिक रकम कमाई है।

वहीं पुलिस को उसका आधार कार्ड भी मिला है। डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि जांच में पता चला कि आहूजा अस्पताल में बीते रविवार रात मुजफ्फर नगर की पारुल तोमर का किडनी ट्रांसप्लांट अली ने सात सदस्यीय टीम के साथ किया था। मामले में आहूजा अस्पताल के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह आहूजा, उनकी पत्नी आईएमए कानपुर की उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति आाहूजा, दलाल शिवम अग्रवाल, राम प्रकाश, राजेश व नरेंद्र सिंह को जेल भेजा गया है। इस किडनी कांड के खुलासे में आठ टीमें लगी हैं। जांच के दौरान अस्पताल के आसपास लगे कैमरे खंगाले गए तो पता चला कि रात में दो कारों से आठ लोग आए थे। ट्रांसप्लांट के बाद रात लगभग दो बजे निकले हैं। एक कार से पांच लोग लखनऊ और दूसरी कार में तीन लोग गाजियाबाद गए।

### तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस

पुलिस ने बताया कि तीन लोगों को लेकर टैक्सी जा रही थी। ऑनलाइन भुगतान करने से ट्रेस किया गया तो एक गाजियाबाद के शांति गोपाल हॉस्टिपल में ओटी इंचार्ज कुलदीप सिंह, दूसरा नोएडा के सर्वोदय हॉस्पिटल के ओटी मैनेजर राजेश है, जिसे दबोचा गया था। दोनों ने अपने तीसरे साथी का नाम डॉ. अली बताया। दोनों ने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट उन्होंने ही किया था। पुलिस ने उसके बारे में पता लगाया तो जानकारी हुई कि एक टोल पर टैक्सी का फास्टैग में पैसे न होने पर उसने अपने यूपीआई से उसे रिचार्ज किया था। जिसके जरिए उसके खाते का पता लगाकर उसकी पहचान दिल्ली के उत्तमनगर निवासी मुद्दसर अली सिद्दकी निकला। उसकी पत्नी असिफा ने बताया कि अली डाक्टर नहीं बल्कि ओटी मैनेजर हैं। वह पहले आकाश हॉस्पिटल में काम करते थे। उसका मोबाइल नंबर बंद है। पुलिस अली व उसकी पत्नी की कॉल डिटेल रिपोर्ट निकलवा रही है।

### अवैध रूप से चलता रहा हॉस्पिटल

**कानपुर, अमृत विचार।** जिस केशवपुरम स्थित आहूजा हॉस्पिटल में अवैध रूप से किडनी प्रत्यारोपण और किडनी खरीद फरोख्त का कार्य किया जा रहा था, वह चार साल तक बिना पंजीकरण के अवैध रूप से चलता रहा। हॉस्पिटल संचालन के लिए लाइसेंस बीते वर्ष 2025 में ही मिला था। खास बात ये है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा में डॉ.प्रीति आहूजा उपाध्यक्ष भी बीते वर्ष ही बनी थीं। उसके बाद ही अस्पताल को लाइसेंस मिला था। केशवपुरम स्थित आहूजा हॉस्पिटल में अवैध रूप से किडनी प्रत्यारोपण किए जाने का मामला सफेद कोर्ट को न सिर्फ उत्तर प्रदेश में, बल्कि पूरे देश में दागदार कर रहा है। बावजूद इसके अभी तक इस हॉस्पिटल का लाइसेंस तक निरस्त नहीं किया गया है और न ही इस हॉस्पिटल से जिन हॉस्पिटलों की सांठगांठ है, न ही उनपर अभी तक कार्यवाही शुरू की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अभी तक जांच की बात ही कह रही है। इसके अलावा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा ने उपाध्यक्ष डॉ.प्रीति आहूजा व सदस्य डॉ.सुरजीत आहूजा की सदस्यता भी अभी तक निरस्त नहीं की है। एसोसिएशन दोष सिद्ध होने का इंतजार कर रही है। हालांकि इस मामले के बाद कुछ डॉक्टर जरूर अपने-अपने हॉस्पिटलों से लापता हो गए हैं, जिसकी वजह से उनपर पुलिस का शक और भी गहराता जा रहा है।

## बढ़नी में दो अवैध पैथोलॉजी सेन्टर सील, संचालक फरार

**शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत बढ़नी कस्बे में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 02 पैथोलॉजी केन्द्रों पर छापेमारी कर उन्हें सील कर दिया। श्याम पैथोलॉजी सेन्टर में छापेमारी की भनक लगते ही संचालक मौके से फरार हो गया और एक कमरे में ताला लगा दिया। तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव की अगुवाई में टीम ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ताला तोड़कर कमरे की तलाशी ली। वहीं जांच में कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिन्टर और पैथोलॉजी से जुड़े प्रचार-प्रसार के दस्तावेज बरामद हुए और दूसरे कमरे से पैथोलॉजी जांच में उपयोग होने वाली मशीनें, किट, इनवर्टर, बैटरी और फ्रिज सहित कई उपकरण मिले। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि केन्द्र बिना वैध पंजीकरण के संचालित हो रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाद में गीता डायग्नोस्टिक सेन्टर पर भी छापेमारी किया। जिससे वहां स्थिति और गम्भीर पायी गईयी। जांच के दौरान एक बीए डिग्रीधारक अप्रशिक्षित व्यक्ति मरीजों की रक्त जांच कर रहा था। मौके पर दो मरीज अपनी रिपोर्ट का इंतजार कर रहे थे। टीम को न तो कोई पंजीकृत चिकित्सक मिला और न ही प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ या लैब टेक्नीशियन मौजूद थे। जब संचालक से स्टाफ बुलाने के लिए कहा गया, तो वह किसी को नहीं बुला सका।

# विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि का किया गया विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि का विस्तार किया गया है। विस्तारित अवधि में ये गाड़ियां पूर्व निर्धारित समय, ठहराव एवं मार्ग पर चलाई जायेगी।



09185 मुम्बई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 05 अप्रैल से 26 जुलाई तक किया गया है। कानपुर अनवरगंज से चलाई जा रही 09186 कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेंट्रल विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 06 अप्रैल से 27 जुलाई तक किया गया है। 09189 मुम्बई सेंट्रल-कटिहार विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 16 मई से 01 अगस्त तक किया गया है। 09190 कटिहार-मुम्बई सेंट्रल विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 19 मई से 28 जुलाई तक किया गया है। 09183 मुम्बई सेंट्रल-बनारस विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 20 मई से 29 जुलाई तक किया गया है। बनारस से चलाई जा रही 09184 बनारस-मुम्बई सेंट्रल विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 22 मई से 31 जुलाई, 2026 तक किया गया है।

### ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा लालकुआं से 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को 14 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाडी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने दी।

## गरीब और मध्यम वर्ग को भी बेहतर सेवाएं देने का प्रयास

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** गरीब और मध्यम वर्ग को एक अच्छी सवारी तथा बेहतर अनुभव देना रेलवे की हर सम्भव कोशिश है। इस उद्देश्य के लिए हम सभी मिल कर काम करें। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक में ये आह्वान किया। ये बैठक रेल भवन, नई दिल्ली से की गई। रेल मंत्री ने रेल परिवार को पिछले वर्ष में अच्छा काम करने के लिए बधाई देते हुए, बैठक की शुरुआत की। साथ ही नए उत्साह के साथ, इस वर्ष काम करने के लिए अपनी नई प्राथमिकताएँ तय करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि पिछले साल रेल दुर्घटनाओं में आई एतिहासिक कमी और रिकॉर्ड माल ढुलाई ने देश भर में रेलवे की छवि सुधारने का काम किया है।

## गाड़ी का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार

**गोरखपुर।** इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 55335/55336 कासगंज-मथुरा जं.-कासगंज सवारी गाड़ी का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार 04 से 15 अप्रैल तक गंगापुर सिटी तक/से किया जायेगा। 4 से 15 अप्रैल तक चलने वाली 55335 कासगंज-मथुरा-गंगापुर सिटी सवारी गाड़ी कासगंज से 11.40 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रूकते हुये मथुरा जं. से 15.20 बजे, भरतपुर से 15.55 बजे, बयाना से 16.25 बजे, हिण्डौन सिटी से 16.55 बजे तथा श्री महावीर जी से 17.07 बजे छूटकर गंगापुर सिटी 18.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, गंगापुर सिटी से 4 से 15 अप्रैल तक 55336 गंगापुर सिटी-मथुरा-कासगंज सवारी गाड़ी गंगापुर सिटी से 19.00 बजे प्रस्थान कर श्री महावीर जी से 19.25 बजे, हिण्डौन सिटी से 19.37 बजे, बयाना से 20.05 बजे, भरतपुर से 20.40 बजे तथा मथुरा जं. से 22.00 बजे, मथुरा कैंट से 22.12 बजे, हाथरस सिटी से 22.55 बजे, हाथरस रोड से 23.04 बजे, सिकन्दरा राव से 23.30 बजे, मारहरा से 23.50 बजे छूटकर दूसरे दिन कासगंज 00.30 बजे पहुँचेगी।

## पुलिस ने दो शातिर चोर किए गिरफ्तार

**संतकबीरनगर : अमृत विचार।** शहर के एआरटीओ कार्यालय के पास शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 11 मोबाइल फोन और करीब 2 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पूछताछ में ईंट -भट्ठा के मजदूरों की मोबाइल चुराने की घटना कबूल की। पकड़े गए चोरों की पहचान रामप्रवेश राजभर निवासी बालूशासन, कोतवाली खलीलाबाद और छोटू राजभर उर्फ मामा निवासी बनौली थाना बेलहरकला के रूप में हुई।

## समुदाय व स्कूलों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक

**लखनऊ, अमृत विचार।** गोरखपुर डिक्लेरेशन की ओर से कैंसर जागरूकता का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर हुए गोरखपुर डिक्लेरेशन के कोरग्रुप ने गोरखपुर में बैठक आयोजित किया। बैठक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में कैंसर विशेषज्ञ डा. संदीप कुमार (पूर्व निदेशक एम्स भोपाल) व डा. अनुराग श्रीवास्तव(एम्स नई दिल्ली) ने कैंसर के प्रति जागरूक होने को कई बातें बताईं।

डाक्टर द्वय ने बताया कि समुदाय व स्कूलों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक। कैंसर से बचाव वाले टीकों के बारे में सही जानकारी भी लोगों के लिए जरूरी। समय रहते यदि कैंसर की जानकारी मिल जाती है तो इसके रोगी को जल्द ठीक हो जाने में सहूलियत हो जाती है। डाक्टर द्वय ने यह भी बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य सरकारी व निजी स्वास्थ्य केंद्रों पर सामान्य कैंसर की जांच (स्क्रीनिंग) की अच्छी और गुणवत्ता वाली सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जिले में कैंसर देखभाल केंद्र विकसित किया जाना चाहिए जहां स्क्रीनिंग, जांच, इलाज की योजना और फॉलो-अप सभी सेवाएं एक ही सिस्टम में मिल सकें। सरकारी स्वास्थ्य बीमा और अन्य आर्थिक सहायता योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए।

# नामित सभासदों को दिलाई शपथ




**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में शासन द्वारा नामित सभासदगणों के शपथ ग्रहण समारोह में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल जिला अध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्य, हरिचरण कुशवाहा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोविन्द माधव, विधायक कपिलवस्तु प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही तथा उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य सहित नवनियुक्त जिला पदाधिकारीगण, सम्मानित सभासदगण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नव-निर्वाचित एवं नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे जनहित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। शपथ ग्रहण करने वाले प्रमुख सभासदगणों में पूनम मित्तल, राजेश जायसवाल, बबलू श्रीवास्तव, भानु सिसोदिया एवं महेश प्रसाद शामिल रहे। इन सभी नव-नामित सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर के विकास, स्वच्छता, सुशासन एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। उनके शपथ ग्रहण के साथ ही नगर के समग्र विकास की दिशा में एक नई ऊर्जा एवं सकारात्मक सोच का संचार हुआ है।

## कांग्रेस नेता को दी गई श्रद्धांजलि

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2012 के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश पंछी के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने कैलाश पंछी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि कैलाश पंछी एक समर्पित, कर्मठ एवं जुझारू नेता थे।

## ट्रेलर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ट्रेलर की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक की मौत हो गयी । बांसी पुलिस ने सूचना मिलने पर ट्रेलर को पकड़ लिया। बता दें कि नगरपालिका बांसी से दोनों युवक जो पथरा थाना क्षेत्र के फुलवापुर गांव के निवासी थे, बाइक से पथरा बाजार जा रहे थे। वहीं ट्रेलर डुमरियागंज से मोरंग गिराकर बांसी की तरफ जा रहा था। जिसको लेकर तेज रफ्तार में आ रही ट्रेलर ने पथरा थाना क्षेत्र के टेडिया चौराहे के पास दोनों बाइक सवारों को ठोकर मार दिया, और हादसे में दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। वहीं राहगीरों ने हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने ट्रेलर को पकड़कर थाने ले गई। वहीं मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मुख्यालय भेजकर आगे की कार्यवाही में जुट गयी।

**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा**

**प्रपत्र-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशक का स्थान | : लखनऊ |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर, कर्न्वेशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.) |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर, कर्न्वेशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.) |
| 5. | सम्पादक का नाम | : राजेश श्रीनेत |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 3/332, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)- 226010 |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : 1. डॉ. वरूण अग्रवाल 2. डॉ. अर्जुन अग्रवाल रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली |

मैं त्रिनाथ शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 4 अप्रैल 2026

हस्ताक्षर
त्रिनाथ शुक्ला
मुद्रक / प्रकाशक

**कार्यक्रम** | सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक संपन्न

# छोटे समूहों से हासिल हो सकते हैं बड़े लक्ष्य

**वाराणसी, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक दुर्गाकुंड स्थित श्री धर्मसंघ शिक्षा मंडल के सभागार में संपन्न हो गई। बैठक का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने किया, जबकि समापन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजय पाचपोर के संबोधन के साथ हुआ। इस दौरान भारत माता एवं संस्थापक स्व. लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बैठक की उपयोगिता बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। अमृत विचार

क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने सहकारिता को समाज निर्माण का प्रभावी माध्यम बताते हुए छोटे समूहों के जरिए बड़े लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। वहीं दीपक चौरसिया ने सहकारिता की तुलना भगवान श्रीराम के आदर्शों से करते हुए समाज के हर वर्ग को इससे जुड़ने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय महासचिव संजय पाचपोर ने पदाधिकारियों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में वर्ष में एक बार कार्यकारिणी बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

तकनीकी सत्रों में प्राकृतिक खेती के लिए भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एस के सिंह ने खेती में गौ से मिलने वाले गोबर व मूत्र के समुचित उपयोग पर प्रकाश डाला।

## लेदवा विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2026 से नये शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही ब्लॉक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

'स्कूल चलो अभियान' के तहत नवप्रवेशी बच्चों का रोली-चन्दन, तिलक लगाकर और फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में आयोजित प्रवेशोत्सव के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों को चॉकलेट, गुब्बारे और नई किताबें वितरित की गईं। इस आयोजन ने बच्चों के पहले दिन को खास और यादगार बना दिया, जिससे उनमें विद्यालय के प्रति उत्साह और लगाव बढ़ा। अभियान के अन्तर्गत शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली भी निकाली। रैली में 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'हर घर से बच्चे स्कूल जायें' और 'आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जायेंगे' जैसे नारों के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही 'दस्तक अभियान' के तहत संचारी रोग नियंत्रण को लेकर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों और ग्रामीणों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताये गये।

